राजधानी एक्सप्रेस से 76 लाख की विदेशी सिगरेट बरामद

जागरण संवाददाता, चंदौली : राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआइ) के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। मंगलवार तड़के पीडीडीयू जंक्शन पहुंची डिब्रूगढ़ नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस एसएलआर कोच से 76 लाख रुपये की 16 कार्टन विदेशी सिगरेट बरामद की गई। मादक पदार्थों की यह खेप म्यामार/ इंडोनेशिया से तस्करी कर दिल्ली ले जाई जा रही थी। हालांकि तस्कर टीम के हाथ नहीं लग सके। बरामद माल को जब्त करने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।

डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से मादक पदार्थों की भारी खेप ले जाने जाने की सूचना मिलते ही डीआरआइ की टीम सक्रिय हो गई। सीनियर इंटेलीजेंस आफिसर आनंद राय के नेतृत्व में ट्रेन के एसएलआर बोगी में छापेमारी कर 16 कार्टन विदेशी सिगरेट बदामद की गई। टीम उसे जब्त

सफलता

- राजस्व सूचना निदेशालय की टीम ने जंक्शन पर की कार्रवाई
- गार्ड बोगी से जुड़े एसएलआर कोच में रखी थी, तस्कर नहीं लगे हाथ

कर अपने साथ वाराणसी ले गई। विडंबना यह कि स्थानीय खूफिया तंत्र और रेल पुलिस को इस तस्करी की भनक तक नहीं लग सकी। आनंद राय ने बताया कि जब्त सिगरेट तस्करी के जरिए म्यामार और इंडोनेशिया से लाई गई थी, जिसे नार्थ ईस्ट के रास्ते नई दिल्ली पहुंचाया जाना था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 76 लाख रुपये है। तस्करी के पीछे कौन लोग शामिल थे इसका पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।